## रघुवीरसिंह जेतका बने भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष



**जावरा** । भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट (रजि.) परिवार के संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय संगठन की सहमति और वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा पर रघुवीर सिंह जेतका (जावरा) को रतलाम का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीलसिंहयादव एवं मध्य प्रदेश की महिला प्रदेश अध्यक्ष मधु शर्मा की विशेष अनुशंसा पर की गई है। श्री जेतका के मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने आशा व्यक्त की है कि वे समाज हित में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाएंगे। जल संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों पर कार्य करेंगे। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए सफल क्रियान्वयन करेंगे। नेतृत्व ने कहा कि श्री जेतका इन सभी सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर जन अभियान चलाकर आम जनता की निस्वार्थ भाव से सेवा करेंगे और संगठन की गरिमा को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे।

### बधाइयों का लगा तांता

रघुवीर सिंह जेतका के जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों, स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं उनके इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है। सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाइयाँ देने और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ देने का तांता लगा हुआ है।

## निष्ठा से किया कार्य, लेकिन 6 माह बाद भी पारिश्रमिक का इंतजार

### शिक्षक संघ ने जताई नाराजगी, जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा पत्र

**जावरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रतलाम जिले में एसआईआर (सर) सर्वे का कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को छह माह बीत जाने के बाद भी मानदेय का भुगतान नहीं हो सका है। इसे लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने गहरी नाराजगी जताते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र सौंपकर शीघ्र भुगतान की माँग की है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रतलाम जिले के समस्त बीएलओ को एसआईआर सर्वे और मतदाता सूची अद्यतन (अपडेट) का कार्य करने हेतु आदेशित किया गया था। इस आदेश के परिपालन में सभी बीएलओ ने दिन-रात मेहनत करके समय अवधि के भीतर कार्य को पूरी निष्ठा के साथ संपन्न किया था। अत्यंत खेद का विषय है कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण हुए लगभग 6 माह का समय बीत चुका है, लेकिन निर्वाचन विभाग द्वारा आज दिनांक तक संबंधित बीएलओ को उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

### बैंक खातों में तत्काल राशि जमा करने की माँग

बीएलओ के हक की आवाज उठाते हुए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री बद्रीलाल मडोतिया, जिला अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय, सचिव जितेंद्रसिंह चौहान, जिला कोषाध्यक्ष बाबूलाल छाबड़ा एवं जिला उपाध्यक्ष सुखदेव शर्मा ने जिला निर्वाचन अधिकारी से पुरजोर अनुरोध किया है कि सभी बीएलओ का रुका हुआ मानदेय बिना किसी और विलंब के तत्काल उनके बैंक खातों में जमा कराया जाए। इस संबंध में संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर, संभागीय सदस्य संजय द्विवेदी और संजय राठौर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया गया तो संगठन को आगे की रणनीति तय करनी होगी।

## आत्मा से परमात्मा बनने का प्रशस्त अनुष्ठान है प्रतिक्रमण



**झाबुआ।** पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंतसेन सुरीश्वर जी महाराज साहेब के सपनो को साकार करती झाबुआ की श्री राजेन्द्र जयंत पाठशाला में जैन धर्म के कठिनतम प्रतिक्रमण सूत्रों के ज्ञानार्जन के साथ ही राष्ट्रप्रेम एवं मानवता के संस्कारों का बीजारोपण किया जा रहा है* आज विभिन्न प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। श्री संघ के रिंकु रुनवाल ने बताया कि श्री ऋषभदेव 52 जिनालय के ज्ञान मंदिर में संचालित श्री राजेंद्र जयंत पाठशाला में ज्ञानार्जन के साथ ही राष्ट्रप्रेम एवं देश के प्रति हमारे क्या कर्तव्य है यह भी सिखाया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः 3 घंटे तक 80 से अधिक बच्चे जिनालय में पूजन के पश्चात पाठशाला में सामायिक लेकर ज्ञानार्जन कर रहे हैं साथ ही 3 से 16 वर्ष के 35 से अधिक बच्चों द्वारा जैन धर्म के कठिनतम प्रतिक्रमण की उत्कृष्ट आराधना शाम 7.15 से 8.30 बजे तक की जा रही है। प्रतिक्रमण की उत्कृष्ट साधना पाठशाला के बालक में दैविक राठौड़,रिदम राठौर,अमन देशलहरा, रियांश रुनवाल, चैत्य मुथा,विधान पगारिया युग रुनवाल,गौतम वागरेचा, समांश भंडारी, पूर्वित कटकानी,धवीत कटकानी, सिध्दम बरडिया,मोक्ष कटारिया,स्पर्श रुनवाल, नेविक रुनवाल,अर्हम संघवी, हितांशु नाहर बालिकाओं में गर्वी राठौर,राशी राठौर, आशी देशलहरा,आरवी देशलहरा, मिष्टी जैन, द्रष्या कांठी, विहाना कटारिया,आर्या पगारिया, दिव्याना जैन,गाथा सकलेचा,परी रुनवाल,वंशिका रुनवाल, नित्या रुनवाल ,चहेती पगारिया, रिया बाफना,तमन्ना रुनवाल, शिवांगी जैन,आर्ची जैन द्वारा प्रतिदिन प्रतिक्रमण किया जा रहा है। सुश्रावक रमेश छाजेड़ एवं जयेश संघवी ने पाठशाला में प्रतिक्रमण व सामायिक की उत्कृष्ट साधना के बारे मे बच्चों को समझाते हुए कहा कि पापों से पीछे हटने का कार्य है प्रतिक्रमण ,भगवान महावीर स्वामी ने छः आवश्यक की क्रिया रूप प्रतिक्रमण को आत्मा से परमात्मा बनने का प्रशस्त अनुष्ठान बताया है 5 प्रकार के प्रतिक्रमण में श्रावक श्राविकाओं को प्रतिदिन प्रातः एवं शाम के समय *राई* एवं *देवसी* प्रतिक्रमण करने का बताया।

# महू-नीमच हाईवे पर सड़क हादसा, जवानों ने बचाई दो भाइयों की जान

### घायलों को शासकीय वाहन में लिटाया और तत्काल शासकीय सिविल चिकित्सालय पहुंचाया

**जावरा।** महू-नीमच हाईवे रोड पर पुलिस बटालियन के सामने शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां एक मोटरसाइकिल पर सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को शाम करीब 4:43 बजे सूचना मिली कि दो व्यक्ति सड़क किनारे गंभीर हालत में लहूलुहान पड़े हैं। सूचना मिलते ही जावरा शहर थाने की एफआरवी वाहन को तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुंचे डायल-112 के स्टाफ आरक्षक जितेन्द्र व्यास और पायलट मंगलेश्वर सूर्यवंशी ने देखा कि मोटरसाइकिल दुर्घटना के कारण दोनों युवक सड़क पर तड़प रहे थे, जिनमें से एक को बेहद गंभीर चोटें आई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डायल-112 के जवानों ने बिना वक्त गंवाए दोनों घायलों को अपने शासकीय वाहन में लिटाया और तत्काल शासकीय सिविल चिकित्सालय जावरा पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया है।

### पिपलोदी का घायल

पुलिस के अनुसार, घायलों के नाम कमलेश (45 ) और मन्नालाल हैं। दोनों पिता नंदाजी के पुत्र हैं और रिंगनोद थाने के ग्राम पिपलोदी के रहने वाले हैं। चश्मदीदों और अस्पताल प्रशासन का कहना है कि अगर डायल-112 के जवान मौके पर पहुंचने और उन्हें अस्पताल ले जाने में थोड़ी भी देरी करते, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी। पुलिस जवानों की इस त्वरित कार्यवाही और सूझबूझ की स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है।





## महिला मंडल ने शांतिवन मुक्तिधाम में पक्षियों के लिए पहुंचाया 2 क्विंटल दाना

**जावरा।** काटजू नगर महिला मंडल द्वारा शांतिवन मुक्तिधाम चौपाटी क्षेत्र में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था के तहत लगभग 2 क्विंटल अलग-अलग प्रकार का अनाज पहुंचाया गया। महिला मंडल के सदस्यों ने परिसर का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं, योजनाओं एवं सेवा प्रकल्पों का अवलोकन भी किया। महिला मंडल लंबे समय से अनाज दाना सेवा के माध्यम से मुक्तिधाम विकास समिति को सहयोग प्रदान कर रही है। इस अवसर पर मंडल की सदस्यों ने परिसर स्थित मंदिर में भजन-पूजन एवं सेवा पूजा भी की। मंडल ने समिति को आश्वस्त किया कि ऐसी सेवा गतिविधियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। उल्लेखनीय है कि मंडल की सदस्य अमिता ओझा द्वारा दाह संस्कार हेतु एक ट्रॉली लकड़ी भी मुक्तिधाम पहुंचाई गई। मुक्तिधाम विकास समिति के अध्यक्ष किशोर शाकल्य एवं सचिव वीरेंद्रसिंह चौहान ने महिला मंडल के सहयोग की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला मंडल की उषा गुप्ता, अमिता ओझा, रुकमणि मोदी, धनकुंवर चंद्रावत, वंदना शर्मा, गीता परिहार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## श्री कला-मोहनभाषा साहित्य एवं संगीत केंद्र का वार्षिक आयोजन सम्पन्न



**जावरा** । श्री कलामोहन, भाषा, साहित्य एवं संगीत केन्द्र का वार्षिक समारोह स्थानीय श्री हरि पैलेस में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक डॉ .शैलेंद्र कुमार शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि एक छोटे से गांव में इस तरह के आयोजन एक पवित्र यज्ञ और अनुष्ठान की तरह है इसमें अपनी सहभागिता की आहुति देने वाला प्रत्येक व्यक्ति सौभाग्यशाली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अश्विनी शोध संस्थान के ख्यात मुद्राशास्त्री एवं पुरातत्वविद् आरसी ठाकुर ने की। उन्होंने इतिहास और पुरातत्व को समेंटे अपने विशिष्ट और ओजपूर्ण उद्बोधन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष अतिथि झाबुआ की संगीतज्ञ भारती सोनी ने भक्ति गीत के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दी और कार्यक्रम की गहरी भावना को सराहा। समारोह के पहले अतिथिगण और सम्मानित लेखकों ने श्री कलामोहन केंद्र का भ्रमण किया और पांच सालों से जारी गतिविधियों की सराहना की। वार्षिक समारोह में में इंदौर के प्रसिद्ध लघु-कथाकार श्री देवेंद्रसिंह सिसोदिया,खंडवा के कवि-लेखक अरुण सातले, इंदौर की डॉ .रेखा मंडलोई, उज्जैन की प्रसिद्ध कवियित्री डॉ. क्षमा सिसोदिया और इंदौर की लोक कलाकार श्रीमती अनुराधा शर्मा को अभिनदन पत्र, मोमेंटो, शाल व नकद राशि से सम्मानित किया गया। सम्मानित लेखको ने भी अपने विचार प्रकट किए और केन्द्र के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। यह संपूर्ण कार्यक्रम भूटान के संत स्वामी चैतन्यानंद महाराज की निश्रा में संपन्न हुआ। उन्होंने इस आयोजन की पवित्र भावना को अध्यात्म से जोड़ते हुए इस प्रकल्प को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम के दौरान चैतन्य सत्संग मंडल के पदाधिकारियों ने संतद्वय और अतिथियों का सम्मान भी किया। समारोह को संत शर्मिष्ठानंद महाराज ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर स्थानीय हायर सेकंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर कु. किरण और कु.गौरी को भी शाल एवं श्रीफल और मोमेंटो से सम्मानित किया। आभार चारुलता जमड़ा माना। संचालन निदेशक कारूलाल जमड़ा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी व साहित्यप्रेमी उपस्थित थे।

## पुज्यनीय गुरुदेव मुनिंद जैन दिवाकर करो आनंद के जाप संपन्न

**जावरा।** गुरु कि महीमा अपरम्पार है, गुरु के नाम से सब काम सिद्ध हो जाते हैं, ऐसे गुरु जैन दिवाकर श्री चौथमल जी म सा जिन्होंने अपनी वाणी से असंभव को संभव कर दिया था। ऐसे गुरु के गुणगाण वर्ष 2012 से लगातार शुक्ल पक्ष की प्रति तेरस को गुरुदेव मुनिंद जैन दिवाकर करों आनंद के जाप एवं दिवाकर चालीसा एवं शांतिनाथ भगवान के स्तवन साता किजो जी श्री शांतिनाथ प्रभु शिव सुख दिजो जी के साता किजो जी के साथ जाप संपन्न हुए। उक्त जानकारी देते हुए नवयुवक मंडल के पुर्वाध्यक्ष द्वय नितिन कोलन ने बताया की जाप गुरुभक्तों द्वारा लगातार 14 वर्षों से किए जा रहे हैं । उसी कम्र में प्रथम जेठ सुदि 13 के जाप एवं प्रभावना का लाभ सुजानमल सुधीर कुमार सचिन कुमार कोचट्टा परिवार द्वारा लिया गया। जाप के पश्चात मांगलीक सुश्रावक शांतिलाल डांगी द्वारा दी गई। उपाध्याय डॉ गौतम मुनि जी म सा की पावन प्रेरणा से प्रति रविवार को नवनिर्मित श्री कस्तुर पावन धाम सेजावता रोड पर सामुहिक सामायिक दिवस के रुप में मनाया जाता है इसी कड़ी में 31 मई रविवार को प्रातः 7:15 बजे सामुहिक सामायिक का आयोजन रखा गया है।

## कल लगेगा नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा एवं परामर्श शिविर

**जावरा।** भारत विकास परिषद एवं लायन्स क्लब, के संयुक्त तत्वावधान में आगामी कल रविवार को एक दिवसीय नि :शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर रविवार को प्रात : 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लायंस क्लब, पिपलोदा रोड, पर आयोजित होगा।

संस्था कोषाध्यक्ष निलेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य प्रकल्प के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में सेवा भारती सेवा न्यास, आगर-मालवा के अनुभवी चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की टीम अपनी सेवाएं देगी। शिविर में प्राकृतिक एवं आयुर्वेदिक पद्धति से शरीर के विभिन्न रोगों का उपचार और परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### उपचार की मुख्य पद्धतियां

शिविर में फिजियोथेरेपी, योग साधना, आहार चिकित्सा, मिट्टी चिकित्सा, वैकल्पिक चिकित्सा, जल चिकित्सा और पंचकर्म जैसी आधुनिक व प्राचीन प्राकृतिक पद्धतियों से मरीजों का उपचार किया जाएगा।

भारत विकास परिषद अध्यक्ष शेखर नाहर, सचिव गोपाल सेठिया एवं लायंस क्लब अध्यक्ष यश जैन ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर स्थल पर पहुँचकर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं उपचार का लाभ उठाएं। इस प्रकल्प को सफल बनाने में संयोजक डॉ. हेमंत तोलानी एवं डॉ. श्याम पाटीदार विशेष भूमिका निभा रहे हैं।

## जल संरक्षण के लिए छात्राओं ने लिया संकल्प

### शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत परिचर्चा आयोजित की



**झाबुआ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा जल संरक्षण विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अंजना सोलंकी ने की तथा मुख्य अतिथि जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला झाबुआ डॉ.बंसीलाल डावर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ.प्रीति एस त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 'जल ही जीवन है। हमारे पूर्वजों ने नदियों, तालाबों और झीलों में जल देखा, हम बोतलों में जल देख रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल अत्यंत अमूल्य होगा। इसलिए हमें आज से ही जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना होगा।' मुख्य वक्ता डॉ.बंसीलाल डावर ने जल के महत्व को विस्तार से समझाते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे अपने आसपास स्थित कुओं, बावड़ियों एवं तालाबों की सफाई कर उन्हें संरक्षित करने का प्रयास करें तथा समाज को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें। प्राचार्य डॉ.अंजना सोलंकी ने कहा कि 'जल है तो कल है।' उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर जोर देते हुए बताया कि पेड़ जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही जल के दुरुपयोग को रोकने एवं जल बचाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी तथा सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने जल संरक्षण का संदेश देने हेतु आकर्षक पोस्टर बनाए एवं निबंध लेखन गतिविधि में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रीति एस त्रिपाठी ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. ऋद्धि माहेश्वरी ने माना। इस अवसर पर डॉ.सारिका डुडवे, विजय कुमार, डॉ. जुवान सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

### गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दो ' मुस्लिम समाज ने

## रिंगनोद थाना प्रभारी को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, ज्ञापन में बंगाल के सीएम के बयान की कड़ी निंदा की

**जावरा नि प्र।** जावरा ब्लॉक के ग्राम रिंगनोद के मुस्लिम समाज ने रिंगनोद थाना प्रभारी आनंद सिंह आजाद को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौ माता को 'राष्ट्रीय पशु' घोषित करने और गौ रक्षा के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की गई है। साथ ही बंगाल के मुख्य मंत्री शुभेंदु अधिकारी के बयान की कड़ी निंदा कर विरोध दर्ज कराया गया।

### उक्त आशय की जानकारी सदर सीरत कमेटी रिंगनोद

सदर, मोहर्रम कमेटी रिंगनोद द्वारा दी गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जैसे बाघ राष्ट्रीय पशु है, वैसे ही करोड़ों भारतीयों की आस्था की प्रतीक गौ माता को भी 'राष्ट्रीय पशु' का दर्जा दिया जाए।

साथ ही गौ हत्या, तस्करी और गाय को चोट पहुंचाने वालों के लिए 'आजीवन कारावास' का कानून पूरे देश में लागू हो। इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई जाएं।

ज्ञापन में पदाधिकारियों ने बताया कि जावरा नवाबी रियासत रहा है ।यहां शंकर मंदिर और जामा मस्जिद पास-पास हैं। मंदिर की घंटी और अजान एक साथ गूंजती है। जावरा के नवाब इफ्तिखार अली खान बहादुर ने गौशाला बनवाई और सैकड़ों बीघा गोचर भूमि दान दी थी।




ज्ञापन में कहा गया कि सोशल मीडिया पर ट्रेंड चल रहा है कि बंगाल के मुख्य मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने '14 साल से ज्यादा उम्र की गौ माता को बेच सकते हैं' मुस्लिम समाज ने ज्ञापन में इस बयान की कड़ी निंदा कर विरोध जताते हुए कहा कि 'क्या माँ बूढ़ी हो जाए तो उसे घर से निकाल देते हैं..? बूढ़ी गौ माता को भी इज्जत से रखना हमारा मजहब और धर्म है।' ज्ञापन सौंपने के पूर्व मुस्लिम समाज ने शपथ ली कि गांव में कोई गौ तस्करी नहीं होने देंगे और गौशाला के लिए चंदा, चारा और सेवा में हमेशा आगे रहेंगे। इसके लिए हमारा पवित्र ग्रंथ 'कुरान शरीफ भी सिखाता है - पड़ोसी के धर्म का एहतराम करो। इसलिए गाय की रक्षा को हम अपना फर्ज मानते हैं। देश तभी मजबूत होगा जब हम एक-दूसरे के जज्बात की कद्र करेंगे।' ज्ञापन में राज्यपाल से अनुरोध किया गया कि आपसे आशा करते है कि समाज की भावना को महामहिम राष्ट्रपति तक पहुंचाने का करे।

इस अवसर पर सीरत कमेटी सदर ,मस्जिद सदर मुजफ्फर खा, मोहर्रम सदर अफ़ज़ल, पूर्व सदर मोहम्मद हुसैन खान ग्राम पंचायत सरपंच युसूफ ,अजीज खान खान,फिरोज खा मेव,मुश्ताक खां मेव,मुश्ताकसेजाद खां,समीर खां, समीर शाह,जुबेर,हुसेन खां, मुन्ना खान, शाह,रईस खान,मो,हुसेन पठान,असलम मेव, ,मोजिम खा,रईस शाह,शाकिर खा, एजाद शाह,मुसर्रत, भययु शाह,सद्दाम खा, जाईद खा,मोइन खा, जुबेर खां, इमरान खांन,इमरन खान फिरोज खान इरफान शाह,मोहमद हुसेन मेव, जब्बार,कय्यूम, सोनू,सद्दाम खां, जाइद,अफरोज, आदि समाज जन उपस्थित थे।